हेरिटेज निगम ने सिविल लाइन जोन में चलाया अतिक्रमण के खिलाफ अभियान, आठ ट्रक सामान किया जब्त

निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल के निर्देश पर जोन उपायुक्त सुनील कुमार बैरवा ने की कार्रवाई, सतर्कता शाखा ने 5400 रुपए परिवहन शुल्क किया जमा

जयपुर। शहर को अतिक्रमण मुक्त और यातायात सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर निगम हेरिटेज लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को हेरिटेज निगम के सिविल लाइन जोन की ओर से हसनपुरा, चार नंबर डिस्पेंसरी, रोजगारेश्वर महादेव मंदिर और एनबीसी के पास सहित परकोटे के बाजारों में भी अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। जिसमें आठ ट्रक सामान जब्त किया गया, साथ ही 5400 रुपए परिवहन शुल्क भी जमा किया गया।
सिविल लाइन जोन उपायुक्त सुनील कुमार बैरवा ने बताया कि यह अभियान नगर निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल के निर्देश पर चलाया गया। कार्रवाई में निगम की सतर्कता शाखा की विशेष भागीदारी रही, जिसने मौके पर मौजूद अतिक्रमण हटाने में पूरी सक्रियता दिखाई।
कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे बनी अवैध अस्थाई दुकानों, ठेले, टीन शेड, बैनर-होर्डिंग और दुकानों के बाहर फैलाए गए सामान को हटाया गया। अतिक्रमणकारियों को मौके पर ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में दोबारा अवैध कब्जा करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने बताया कि अस्थाई अतिक्रमण करने वाले लोगों को निगम प्रशासन का सख्त संदेश है कि शहर की सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने कहा कि जनता की सुविधा और शहरी व्यवस्था के लिए यह अभियान जरूरी है। नागरिकों से भी अपील है कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं और शहर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करें।
यह कार्रवाई न सिर्फ क्षेत्रवासियों के लिए राहतकारी रही, बल्कि आने-जाने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को भी अब सुगमता से आवागमन का रास्ता मिल सकेगा। निगम ने संकेत दिए हैं कि शहर के अन्य अतिक्रमण प्रभावित क्षेत्रों में भी जल्द ही इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।

सड़क पर कचरा फैलाना पड़ा मंहगा, निगम ने काटा चालान

वहीं, स्वच्छता अभियान के तहत हेरिटेज निगम के अधिकारियों द्वारा सड़क पर कचरा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को सिविल लाइन जोन क्षेत्र में ही सड़क पर कचरा फैलाने पर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक ने एक हजार रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया। उपायुक्त स्वास्थ्य ने बताया कि सोडाला निवासी गुलफाम अपनी गाड़ी में से कचरा सड़क पर फेंक रहा था। इस पर वार्ड के स्वास्थ्य निरीक्षक कपिल गोलेछा ने गुलफाम से मौके पर ही कचरा हूपर में डलवाया और एक हजार रूपये का केरिंग चार्ज कर दिया।

SNEH HYDR TECH ENGINEERING SOLUTION
RJ60S
P2832

SNEH HYDR TECH ENGINEERING SOLUTION